केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

दैनिक
# भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 321 शुक्रवार 14 जून 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के पद पर बने रहेंगे अजित डोभाल



**नई दिल्ली (आभा)।** अजीत डोभाल पर भरोसा जताते हुए पीएम मोदी ने उन्हें तीसरी बार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया है। वहीं डॉ. पीके मिश्रा को भी दोबारा प्रधानमंत्री का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है. पीएम मोदी की आंख और कान कहे जाने वाले अजीत डोभाल 1968 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। आईबी प्रमुख रहे डोभाल 31 मई 2014 को प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बने थे। दरअसल, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का नेतृत्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार करते हैं, जिनका मुख्य काम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर प्रधानमंत्री को सलाह देना होता है। एनएसए का यह पद पहली बार 1998 में तब बनाया गया था जब देश में दूसरी बार परमाणु परीक्षण किए गए थे। सरकार में यह काफी अहम पद होता है। चाहे 370 हो, सर्जिकल स्ट्राइक हो, डोकलाम हो या कूटनीतिक फैसले, डोभाल देश की उम्मीदों पर खरे उतरे हैं। पुलवामा का बदला, जिसे पाकिस्तान कभी नहीं भूल पाएगा, वह भी डोभाल के नेतृत्व में लिया गया। पुलवामा हमले के एक पखवाड़े के भीतर पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों को खत्म करने की वायुसेना की रणनीति राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के नेतृत्व में ही तैयार हुई थी। वायुसेना और नौसेना के शीर्ष अधिकारियों से रणनीति पर चर्चा करने से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हर पल की जानकारी देने तक उन्होंने अहम भूमिका निभाई।

## एक नजर

### जन कल्याण के नए मानदंड स्थापित करेगा अरुणाचल –सीएम योगी

**संवाददाता–लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए विश्वास जताया है कि अरुणाचल प्रदेश में नई सरकार समृद्धि, विकास, सुशासन और जन कल्याण के नये मानदंड स्थापित करेगी। सीएम योगी ने अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उप मुख्यमंत्री चौना मीन को पदग्रहण करने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में दोनों नेताओं का कार्यकाल सफल होगा और इनके नेतृत्व में राज्य समृद्धि, विकास, सुशासन और जन कल्याण के नए मानदंड स्थापित करेगा।

### प्रोटोकाल के अनुसार योगाभ्यास शुभारम्भ करायें

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सीएस की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की समीक्षा किया गया। उन्होने प्रभारी क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी डा. इन्द्रबहादुर यादव को निर्देश दिया कि शासन से प्राप्त निर्देश के क्रम में 15 से 21 जून तक उचित स्थलों पर प्रोटोकाल के अनुसार योगाभ्यास के माध्यम से शुभारम्भ करायें। उन्होने समस्त संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया है कि इस कार्यक्रम को सफल बनायें। उन्होने बताया कि 21 जून को दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस अमर शहीद सत्यवान सिंह स्पोर्टस स्टेडियम में मनाया जायेंगा।

बैठक में एडीएम कमलेश चन्द्र, डीपीआरओ रतन कुमार, बीएसए अनूप तिवारी, डीएसओ भानुभाष्कर, स्काउट के कुलदीप सिंह, समस्त बीडीओ सहित क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी के अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### ससुराल से लौटे युवक ने घर आकर कर ली खुदकुशी

**संवाददाता–गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के ऊंचागांव में एक युवक ने खुदकुशी कर ली। गुरुवार की सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुधवार को वह अपने ससुराल में मुंडन समारोह में गया था। वहां से लौटने के बाद कमरे में गया और सुबह उसकी फंदे से लटकती लाश मिली। पुलिस आत्महत्या की वजह तलाशने में जुट गई है। प्रभारी निरीक्षक गोला ने बताया कि ऊंचगांव निवासी प्रदीप ने गुरुवार की सुबह खुदकुशी की सूचना दी। उन्होंने बताया कि उनके बेटे विकास ने फांसी लगा ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो पिता ने बताया कि विकास के ससुराल में 11 जून को मुंडन संस्कार का कार्यक्रम था। विकास उसी में शामिल होने गया था। 12 जून की शाम को घर आया और अपने कमरे में चला गया। गुरुवार की सुबह उठने में लेट होने पर दरवाजा खोलने पर वह फंदे पर लटकता हुआ मिला।

### इस्लामी आतंकवाद के खिलाफ फूंका पुतला

**संवाददाता–गोरखपुर।** जम्मू–कश्मीर में तीर्थ यात्रियों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में शिव राष्ट्र सेना के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को महानगर अध्यक्ष की अगुवाई में शास्त्री चौक पर आतंकवाद का पुतला फूंका।

इस बीच कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आतंकियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। मौके पर सौरभ वर्मा, सुधीर गौड़, प्रिंस सर्राफ, सनी शाह, अर्जुन वर्मा, दीपक वर्मा, विवान सर्राफ, राज जायसवाल, अमन चौधरी यस सोनकर आदि लोग उपस्थित रहे।

## योग के प्रति जागरूकता को दिलाई शपथ

**संवाददाता–गोरखपुर।** सेंट एंड्रयूज कॉलेज में योग के प्रति जागरूकता के लिए गुरुवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ अश्वनी मिश्र ने सभी को परिवार के साथ नियमित रूप से योगाभ्यास कर योग को जीवनशैली के रूप में आत्मसात करने की शपथ दिलाई। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो सीओ सैमुएल ने कहा कि योग दिवस मन और शरीर पर योग के सकारात्मक प्रभाव का उत्सव है। संचालन डॉ जेके पांडेय ने किया।

## सुबह घर से टहलने निकले थे तीन बुजुर्ग, बस ने मारी टक्कर,दो की मौत



**संवाददाता–बस्ती।** मुंडेरवा कस्बे के निकट उमरी अहरा गांव के सामने सुबह टहलने निकले तीन बुजुर्गों को अज्ञात बस ने चपेट में ले लिया। उनमें से गंभीर रूप से घायल दो की मौत हो गई। तीसरे बुजुर्ग की हालत ठीक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। घटना से उनके परिवार वालों का रो–रोकर बुरा हाल है। घटना बृहस्पतिवार सुबह साढ़े चार बजे की है। जानकारी के अनुसार मुंडेरवा के किठिउरी कालोनी निवासी राजेंद्र प्रसाद चौधरी (70), बाबूराम शर्मा उर्फ छोटूकू (78) तथा अहरा निवासी रामचंद्र जायसवाल(65) प्रतिदिन की तरह एक साथ सुबह टहलने जाते थे। बृहस्पतिवार की सुबह भी साथ ही निकले। कस्बे से सटे उमरी अहरा गांव सामने अज्ञात बस ने तीनों लोगों को चपेट में ले लिया, जिससे दो को गंभीर चोटें आईं। जबकि एक सामान्य रूप से घायल हुए। बताया जाता है कि ग्रामीणों ने घायलों के परिजनों को सूचना दी। बाबूराम शर्मा उर्फ छोटकू निवासी किठिऊरी को स्पर्श हॉस्पिटल भुजैनी सन्तकबीरनगर ले गए। जहां से साढे दस बजे तबीयत बिगड़ने पर उन्हे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया। रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। जबकि दूसरे घायल राजेंद्र प्रसाद चौधरी (70) निवासी किठिऊरी को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से रेफर होने के बाद मेडिकल कॉलेज कैली में मौत हो गई। वहीं तीसरे घायल रामचंद्र जायसवाल (70) निवासी अहरा को सन्तकबीरनगर जिले के प्राइवेट नर्सिंग होम में उपचार कराने के बाद घर ले जाया गया। उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है।

दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। एसओ अभिमन्यु सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

## सरकार ने नहीं, मंत्री को जनता ने हटा दिया –राकेश टिकैत



**लखीमपुर खीरी (आभा)।** लखीमपुर खीरी में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार ने तो अजय मिश्र टेनी को नहीं हटाया, लेकिन यहां की जनता ने उन्हें हटा दिया। अयोध्या के बारे में टिकैत ने कहा कि जो अयोध्या शहर है। जहां मंदिर है, वहां तो विकास हुआ। पश्चिम दिशा में कोई विकास नहीं हुआ। राकेश टिकैत संयुक्त किसान मोर्चा के केंद्रीय प्रतिनिधि मंडल में बृहस्पतिवार को लखीमपुर पहुंचे थे।

उन्होंने कहा कि गांवों में किसानों की जमीन का अधिग्रहण हो रहा है। सरकार, सस्ते में जमीन खरीदकर महंगे दामों पर बेच रही है। अगर आप जमीन अधिग्रहण कर रहे हो तो सीधे व्यापारी से करा दो। इसके लिए अयोध्या में भी बड़ा आंदोलन होगा। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधि मंडल ने तिकुनिया कांड के पीड़ितों से मुलाकात की है। उनकी समस्याओं को जाना है। मोर्चे की दिल्ली में होने वाली बैठक में इन बातों पर चर्चा होगी।

## दूसरे शिक्षक के नाम पर हासिल नौकरी करने के आरोप में निलंबित

**संवाददाता–बस्ती।** आजमगढ़ के परिषदीय स्कूल में कार्यरत सहायक अध्यापक के अभिलेखों के आधार पर नौकरी हथियाने के आरोप में बस्ती के एक हेड मास्टर को बीएसए अनूप कुमार ने निलंबित कर दिया है। बीएसए ने बताया कि एसएसपी, एसटीएफ लखनऊ की जांच आख्या मिलने के बाद त्वरित एक्शन लिया गया है। प्रकरण की जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी बहादुरपुर को जांच अधिकारी नामित किया गया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

बेसिक शिक्षा विभाग की शिक्षक भर्तियों में फर्जी शैक्षिक दस्तावेजों के आधार पर हुई नियुक्तियों के संबंध में प्राप्त शिकायतों की गोपनीय जांच एसटीएफ लखनऊ स्तर से की जा रही है। इसीतरह की एक शिकायत की जांच कर आख्या एसटीएफ ने बीएसए कार्यालय को भेजी है। बीएसए के अनुसार जांच सात जून 2004 को आख्या मिली। इसमें बताया गया कि बस्ती जिले के कुदरहा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय टेंगरिहा राजा के प्रधानाध्यापक अवधेश के अभिलेख व आजमगढ़ जनपद के अतरौलिया ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय महगूपुर धाहर के प्रधानाध्यापक अवधेश के शैक्षिक अभिलेखों में नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, कक्षा, अनुक्रमांक आदि एक समान पाए गए। गांधी ग्रामोद्योग उच्च माध्यमिक विद्यालय पिण्डोरिया अम्बेडकरनगर से प्राप्त हाईस्कूल की सत्यापन आख्या के साथ छात्र स्थानांतरण प्रमाण पत्र में भी लगा था। इसमें अंकित पते की जांच में यह सामने आया कि बस्ती में कार्यरत प्रधानाध्यापक ने आजमगढ़ में कार्यरत प्रधानाध्यापक अवधेश के अभिलेखों के आधार पर अवैध रूप से शिक्षक की नौकरी हासिल की है। बीएसए ने आरोपी प्रधानाध्यापक अवधेश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर बीआरसी कुदरहा से संबंद्ध कर दिया है।

## मुस्लिम लड़कियों को हिंदू लड़कों से... संत राजू दास का अब विवादित पोस्ट, पुलिस तक शिकायत पहुंचते ही किया डिलीट

**संवाददाता–अयोध्या।** अपने बयानों को लेकर कई बार चर्चा में रहने वाले अयोध्या वाले हनुमान गढ़ी के संत राजूदास एक बार फिर विवाद में आ गए हैं। उन्होंने मुस्लिम लड़कियों को लेकर विवादित फोटो और पोस्ट लिखी और डिलीट कर दिया।

अपने बयानों को लेकर कई बार चर्चा में रहने वाले अयोध्या वाले हनुमान गढ़ी के संत राजूदास एक बार फिर विवाद में आ गए हैं। मुस्लिम लड़कियों को लेकर उन्होंने ऐसी बातें अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के हैंडल पर लिखी हैं जिससे लोग नाराज हैं। राजू दास ने पोस्ट के साथ ऐसी फोटो भी लगाई है जिसे बेहद आपत्तिजनक माना जा रहा है। राजू दास के खिलाफ एक्स के जरिए ही पुलिस से शिकायत भी की गई है। पुलिस तक शिकायतें पहुंचते ही राजू दास ने अपनी पोस्ट डिलीट कर दी हैं। हालांकि तब तक इसका स्क्रीन शॉट भी वायरल हो गया था। राजू दास ने लिखा कि



जब हिंदू लड़कियां मुस्लिम से निकाह कर सकती हैं तो मुस्लिम लड़कियों को भी हिंदू लड़को को शादी करनी चाहिए। राजू दास ने यह लिखा कि इसस मुस्लिम लड़कियां तीन तलाक और हलाला से मुक्त होकर आजादी से अपना जीवन खुशी खुशी जी सकती हैं। इस पोस्ट के साथ राजू दास ने युवक–युवती की आलिंगनबद्ध एडिटेड फोटो भी लगाई है। इस फोटो को एआई से एडिट बताया जा रहा है। फोटो में भगवाधारी युवक माथे पर त्रिपुंड लगाए और गले में रुद्राक्ष की माला पहने बेड पर बैठा है। उसकी गोद में बुरका पहने लड़की बैठी है। हालांकि लड़की के चेहरे पर नकाब नहीं है। लड़की ने भी माथे पर ओम बनाया हुआ है। राजू दास की पोस्ट सामने आते ही लोगों का आक्रोश भी सोशल मीडिया पर नजर आने लगा। इसके बाद कई लोगों ने अयोध्या और यूपी पुलिस को राजू दास पर धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप लगाते हुए शिकायतें शुरू हो गईं। पोस्ट वायरल होने और पुलिस तक शिकायतें पहुंचने की खबर लगते ही राजू दास ने पोस्ट डिलीट कर दी। फैक्ट चेकर जुबैर ने राजू दास की पोस्ट के स्क्रीन शॉट के साथ अयोध्या पुलिस, आईजी रेंज अयोध्या और यूपी पुलिस को टैग करते हुए शिकायत की। इसमें लिखा कि क्या आप इस अकाउंट द्वारा मुस्लिम लड़कियों को निशाना बनाने वाली अपमानजनक पोस्ट का संज्ञान लेंगे? इसी तरह की शिकायतें दर्जनों एक्स यूजर ने की है। इस पोस्ट को लेकर एक्स पर अलग तरह की बहस भी शुरू हो गई है। समाजवादी पार्टी में प्रवक्ता और यूपी महिला आयोग की सदस्य रही डॉली शर्मा ने इसे लेकर अजब बातें लिखीं। डॉली शर्मा ने लिखा कि राजू दास को रिप्लाई करते हुए लिखा कि मुस्लिम लड़कियों का क्छ। यानी वंशाणु और खून तो मुस्लिम ही होगा। फिर जब वो किसी हिन्दू की संतान को जन्म देंगी तो वर्ण शंकर तो होगी ही। उस सन्तान का क्छ। मुस्लिम होगा। तो संस्कार भी वैसे ही होंगे। घोर असहमति आपके इस वक्तव्य से महाराज जी। लोगों ने डॉली के बयान को भी मुस्लिम समाज के खिलाफ बताते हुए नए बहस को भी जन्म दे दिया है।

## यूपी पुलिस में आउटसोर्सिंग से भर्तीः प्रियंका गांधी की मांग, सरकार स्पष्ट जवाब दे

**संवाददाता–लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने यूपी पुलिस द्वारा गोपनीय पदों पर आउटसोर्सिंग के जरिए भर्ती किए जाने का पत्र पहले जारी करने और फिर वापस लेने पर सरकार से जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अग्निवीर की तरह यूपी पुलिस में भी भर्ती करना चाहती है। उन्हें इस बारे में स्पष्ट जवाब देना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर के स्तर पर आउटसोर्सिंग के जरिये भर्तियों पर विचार किया जा रहा है। इस संबंध में जिलों के अधिकारियों को पत्र भेजा गया था जो कि सोशल मीडिया पर वायरल है। भाजपा सरकार ने अग्निपथ योजना लाकर हमारी सेना और युवाओं का भविष्य दोनों कमजोर किया। अब यूपी पुलिस में यही खेल करने का प्रयास चल रहा है। भाजपा की सरकारें देश की हर एक संस्था को बेहतर बनाने की जगह उन्हें कमजोर करने का काम कर रही हैं। प्रदेश पुलिस की तरफ से जो सफाई पेश की गई है, वह समझ से परे है। एक के बाद एक पेपर लीक, अग्निवीर, लाखों खाली पद और अब पुलिस भर्ती में आउटसोर्सिंग की खबरों से प्रदेश के करोड़ों युवा आक्रोशित हैं। भाजपा को सामने आकर इस बारे में स्पष्ट जवाब देना चाहिए। वहीं, यूपी के डीजीपी ने मामले पर सफाई देते हुए कहा कि यह पत्र गलती से जारी हो गया था जिसे वापस ले लिया गया है। ऐसा कोई प्रस्ताव शासन या डीजीपी मुख्यालय स्तर पर विचाराधीन नहीं है। वहीं, एडीजी स्थापना संजय सिंघल का कहना है कि यह लिपिकीय त्रुटि का मामला प्रतीत होता है। पुलिस में लिपिकीय संवर्ग में सीधी भर्ती होती है। फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।



## यूपी में सिर्फ 15 प्रतिशत गेहूं की हुई खरीद, कैसे लक्ष्य होगा पूरा?

**संवाददाता–लखनऊ।** यूपी में गेहूं की खरीद लक्ष्य के सापेक्ष सिर्फ 15 फीसदी ही हो सकी है। खरीद का अंतिम दिन 15 जून है। ऐसे में लक्ष्य पूरा होना नामुमकिन ही लग रहा है। मंडलों की बात करें तो मुरादाबाद पहले, चित्रकूट मंडल दूसरे, झांसी मंडल तीसरे और सहारनपुर मंडल चौथे स्थान पर हैं। इन मंडलों में तुलनात्मक रूप में खरीद में अंतर है। मुरादाबाद मंडल में 30 फीसदी भी गेहूं खरीद नहीं हो सकी है।मुरादाबाद जिला जरूर लक्ष्य के सापेक्ष खरीद में प्रथम स्थान पर रहा है। यहां 45 फीसदी से ज्यादा गेहूं खरीद की गई है। अमरोहा जिला गेहूं खरीद में मंडल में सबसे पीछे रहा है। मुरादाबाद में विशेष प्रयास और अभियान का असर रहा है कि गेहूं खरीद में जिला सबसे आगे हो गया। डिप्टी आरएमओ राजेश्वर प्रताप सिंह ने इसके लिए विशेष प्रयास किए। मुरादाबाद जनपद में गेहूं खरीद 76 हजार एमटी के सापेक्ष 34405.26 एमटी की गई है। यह कुल लक्ष्य का 45.27 फीसदी है। मुरादाबाद जब प्रदेश में गेहूं खरीद में आगे है तब पचास फीसदी भी लक्ष्य पूरा नहीं है। इस तरह से देखा जाए तो बाकी जिलों का हाल और भी खराब है। अमरोहा जिला मंडल का ऐसा जिला है जहां 38 हजार एमटी के सापेक्ष कुल 4004.26 कुंतल जो कि लक्ष्य के सापेक्ष 10.54 प्रतिशत है, ही खरीद हो सकी है। बिजनौर में 28.74 प्रतिशत, रामपुर में 26.02 और संभल में 29 फीसदी लक्ष्य के सापेक्ष खरीद की गई है। मंडल में कुल 29.16 प्रतिशत खरीद हो सकी है।

मुरादाबाद मंडल लक्ष्य के सापेक्ष 45 फीसदी गेहूं खरीद करके ही प्रदेश में पहले स्थान पर रहा। बुदेलखंड का प्रदेश में हमीरपुर जिला दूसरे स्थान पर है। बुलंदशहर जिला सबसे पीछे रहा यहां सबसे कम 5.53 फीसदी खरीद, लखनऊ उन्नाव जिले भी गेहूं खरीद में फिसले हैं।

## पर्ची व्यवस्था से डरती है गोरखपुर पुलिस, जेल जाने तक की नौबत

**संवाददाता–गोरखपुर।** गोरखपुर पुलिस एक पर्ची से डरने लगी है। वजह साफ है कि ये पर्ची पुलिस के झूठ को पकड़ ले रही है। जनशिकायतों के निस्तारण के सवाल पर पुलिसकर्मी कह देते थे कि फरियादी थाने या चौकी तक आया ही नहीं। एसएसपी स्तर से शुरू की गई पर्ची की व्यवस्था से पुलिसकर्मी यदि झूठ बोलते हैं तो उनकी कलई खुल जाती है। पिछले छह महीने में पर्ची से जांच के दायरे में आए 43 पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो चुकी है। दरअसल, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने करीब नौ महीने पहले गोरखपुर पुलिस ऑफिस और थाने में पर्ची सिस्टम की शुरुआत की। इसके तहत थाने या पुलिस ऑफिस में आने वाले फरियादी को पर्ची दी जाती है, जिसमें उसकी शिकायत का दिन–तारीख दर्ज होती है। अगली बार यदि शिकायती आता है तो उसी पर्ची को देखकर पता चल जाता है कि अभी तक क्या कार्रवाई हुई है। अगर कोई पुलिसकर्मी यह कहता है कि फरियादी उनके पास आया ही नहीं था तो उसका झूठ पकड़ में आ जाता है। अफसर भी जान जाते है कि पुलिस टालमटोल कर रही है। शिकायती पर्ची के कारण पुलिसकर्मी खुद ही डरे रहते हैं कि कहीं नप न जाएं।

थाने पर केस नहीं दर्ज होने पर भी शिकायती अधिकारियों के पास पर्ची लेकर आते हैं। ऐसी स्थिति में एसएसपी का पहला सवाल होता है कि थाने से पर्ची मिली? शिकायती के पास यदि पर्ची होती है तो थाने पर फोन करके कार्रवाई के बारे में पूछा जाता है। यदि उधर से यह रटा–रटाया जवाब मिला कि कोई नहीं आया था तो फिर जांच का आदेश और कार्रवाई तय की जाती है। साथ ही शिकायती का मुकदमा दर्ज करने का आदेश हो जाता है।

शिकायती पर्ची के दम पर ही हाल के दिनों में पुलिस वालों पर रंगदारी, धमकी और मारपीट जैसे केस दर्ज किए गए। जांच में इन पुलिसकर्मियों ने शिकायती के न आने की बात कही और फरियादी ने पर्ची दिखा दी।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि फरियादी कितनी बार आया और थाने पर गया तो क्या कार्रवाई हुई है, यह जानने की कोई व्यवस्था नहीं थी। पर्ची सिस्टम से लोगों को एक विश्वास भी होता है कि उनकी फरियाद अब सुनी जाएगी, क्योंकि उनके हाथ में रिसीविंग होती है। दूसरे, इससे मॉनिटरिंग आसान हो गई है। लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई भी की जा रही है।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में सपन्न हुई उद्योग बन्धु समिति की बैठक

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुयी। उन्होने सरयू नहर खण्ड–4 द्वारा औद्योगिक क्षेत्र से जल निकासी के निराकरण हेतु परसपर समन्वय करते हुए बैठक आहूत किये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया है तथा बैठक की कार्यवाही की रिपोर्ट भी तलब किया है। मण्डलायुक्त द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि निवेशक इकाइयों के स्थापना में आ रही कठिनाईयों को तत्काल निराकरण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सब्सिडी का लाभ भी दिलाया जाय।




उन्होने यह भी निर्देश दिया कि उद्योग लगाने के लिए अगर कोई समस्या आती है तो बैठक में अवगत कराया जाय, जिससे समस्या का निराकरण किया जा सकें। उन्होने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी वित्त एवं पोषण योजनान्तर्गत लक्ष्य के सापेक्ष ऋण वितरित करने वाले बैंको को प्रशस्ति पत्र दिये जाने का निर्देश दिया है। उन्होने औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था पर समीक्षा करते हुए इंडस्ट्रीएल एरिया में सीसी टीवी कैमरा लगाये जाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही जनपद संतकबीर नगर के औद्योगिक फीडर में अबाध विद्युत आपूर्ति की समीक्षा करते हुए 5 एमबीए क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाये जाने का निर्देश अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को दिया। उन्होने औद्योगिक क्षेत्र कूड़ा डम्पिंग मामले की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि ईओ नगरपालिका खलीलाबाद उक्त प्रकरण का निस्तारण करते हुए आगामी बैठक में अवगत करायें। बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग बस्ती मण्डल द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि उ0प्र0 ग्लोबल इन्वेस्टर समिट फरवरी 2024 में लखनऊ में किया गया था। मण्डल के अन्तर्गत जनपद बस्ती में 292 इकाइयों द्वारा 14311.80 करोड़ का पूॅजी निवेश और संतकबीर नगर में 91 इकाईयों द्वारा 4720.63 करोड़ का पूॅजी निवेश एवं जनपद सिद्धार्थनगर में 241 इकाइयों द्वारा 951.69 करोड़ का पूॅजी निवेश किया गया। बैठक का संचालन संयुक्त आयुक्त उद्योग हरीश प्रताप सिंह द्वारा किया गया। बैठक में जिलाधिकारी अंद्रा वामसी, एएसपी ओम प्रकाश सिंह, उपायुक्त वाणिज्यकर प्रभाकर सरोज, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई राकेश कुमार गौतम, डीएलसी बी.एल. शर्मा, उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप तथा विभागीय अधिकारी तथा उद्यमीगण उपस्थित रहें।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक भारतीय बस्ती

बस्ती 14 जून 2024 शुक्रवार

## सम्पादकीय

# कहीं खुशी कहीं गम

यूं ही नहीं कहा जाता कि भारत दुनिया में लोकतंत्र का मसीहा है। समूची दुनिया मानती है कि भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र कम ही हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की खूबसूरती को बनाए रखने वाले मतदाताओं ने एक बार फिर वह कर दिखाया जिससे समूची दुनिया अचंभित है। निश्चित रूप से नतीजों ने इतना तो बता दिया कि भारत का मतदाता खामोश भले ही रहे लेकिन फैसले वही करता है जो देश हित में जरूरी समझता है। यकीनन 2024 के खंडित जनादेश से अपने बलबूते बहुमत तक नहीं पहुंची भाजपा जहां 63 सीटें हारने के बावजूद ज्यादा सीटें जीतकर भी खुश नहीं है वहीं एक दशक के इंतजार के बावजूद 100 पर अटकी कांग्रेस भी गमजदा नहीं है।

देश में एक बार फिर गठबंधन सरकार का दौर आ गया है। नतीजों के बाद कहीं न कहीं बेहद पुराने सहयोगियों अकाली दल को खोने तो शिवसेना को 2 भागों में कराने का भी भाजपा के धुरंधरों को मलाल होगा। वहीं तमाम सहयोगियों से पिछले 10 वर्षों में किया गया बर्ताव और अब उन्हीं के सहारे सरकार चलाना कितना मददगार होगा? सबसे बड़ा सवाल यही चर्चाओं में है कि क्या मीट, मटन, मंगलसूत्र, मुसलमान, मुजरा जैसे बयान फिर सुनने को मिलेंगे? जबकि किसान आंदोलन, जबरदस्त महंगाई–बेरोजगारी, पेपरलीक जैसे अछूते मुद्दों ने भी चुनाव को प्रभावित किया। इसी साल हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में तो अगले साल दिल्ली और बिहार में विधानसभा चुनाव हैं। इन राज्यों में भाजपा की परफॉर्मेंस पहले के मुकाबले घटी है।

लोकसभा में जीत से उत्साहित नीतीश 6 महीनों के अंदर बिहार में चुनाव के पक्षधर होकर कई मांगें रखेंगे। विशेष राज्य का दर्जा से लेकर अधिक मदद का दबाव होगा। उनकी सफलता का असर बिहार में निश्चित दिखेगा। ऐसे में इन विधानसभा चुनावों के बाद की राजनीति की करवट क्या होगी? अब नीतीश का बार–बार पाला बदलना अचरज के बजाय अवसर कहलाता है। वहीं चंद्रबाबू नायडू ने 2002 में गुजरात दंगों के बाद मुख्यमंत्री के पद से मोदी के इस्तीफे की मांग करते हुए विरोध में एक प्रस्ताव पारित किया था। कुछ बीती कुछ हालिया बातें राजनीतिक भविष्य को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। 2019 में आंध्र प्रदेश में मोदी का दिया वह भाषण विपक्ष काफी प्रचारित कर रहा है जिसमें चंद्रबाबू को अपने ससुर की पीठ में छुरा घोंपने वाला बताया था। 2018 में नायडू ने विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग पर ही एन.डी.ए. छोड़ अपने 2 केन्द्रीय मंत्रियों को भी हटाया था।

लेकिन राजनीति संभावनाओं का खेल है। यहां न कोई स्थायी दोस्त होता है न ही दुश्मन। फिलहाल नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। यह सच है कि अपने राजनीतिक जीवन में उन्होंने कभी गठबंधन सरकार नहीं चलाई। अब 2 शहजादों के चलते बने मजबूत विपक्ष और संविधान में आस्था रखने की दुहाई के नाम पर विपक्षी एकजुटता के आगे बहुमत से दूर मिली–जुली भाजपा–एन.डी.ए. सरकार चलाना और पहले जैसी मजबूती बनाए रखना बड़ी चुनौती होगी। सारे सवाल भविष्य के गर्त में छुपे हैं। लेकिन सबसे अहम यह कि अब की बार मोदी की एन.डी.ए. सरकार के काम और फैसलों की रफ्तार वैसी ही होगी जो बीते 2 कार्यकाल में थी? कम से कम मंत्रिमंडल गठन तक कयासों के संकेत का इंतजार करना होगा। 2014 के चुनावों में 282, 2019 में 303 सांसदों के मुकाबले इस बार भाजपा के 240 बनाम गठबंधन के 53 सांसदों के बीच मंत्रिमंडल संतुलन भी देखने लायक होगा।

आक्रामकता के साथ चौंकाने वाले फैसलों की खातिर पहचान बना चुके नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की बराबरी कर लेंगे जिन्होंने 6130 दिन तक केंद्रीय सत्ता संभाली। लेकिन मोदी पहले राजनेता होंगे जो चुनी हुई सरकारों यानी गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के रूप में रिकॉर्ड 8277 दिन काम कर चुके हैं। जबकि इंदिरा गांधी 5829 दिनों तक प्रधानमंत्री रहीं।

इस सच्चाई से कतई गुरेज नहीं कि चुनाव पूर्व गठबंधन के पास बहुमत है। जिसमें जाते–आते सहयोगियों के खट्टे–मीठे अनुभव और राजनीतिक महत्वकांक्षाओं को पूरा करने या न करने पर अपने मन की बात न कह पाने वाले घटक दल प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात को कितना मानेंगे? क्या मोदी–शाह की जोड़ी वैसा कर पाएगी जैसा करती रही? इसे लोग अपने–अपने तरीकों से समझने और समझाने की कोशिश रहे हैं। गठबंधन की शर्तों और परिस्थितियों के आगे स्वाभिमानी और कड़े फैसलों के हिमायती नरेन्द्र मोदी कितना झुकेंगे? वहीं भाजपा के अपने तमाम संगठनों की भी कोई खास प्रतिक्रिया नहीं दिखने के क्या मायने हैं? ऐसी परिस्थितियों में क्या एन.डी.ए. की नई गठबंधन सरकार कार्यकाल पूरा करेगी क्योंकि देश में मध्यावधि चुनावों की संभावना जैसे सवाल अभी से हवा में तैरने लगे हैं? लेकिन सच यही है कि इस सबके लिए थोड़ा इंतजार करना ही होगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत गौर वि0ख0 गौर जनपद- बस्ती**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/अंत्येष्टि स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 14–06 2024 से 20–06–2024 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपरान्ह 12.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 21–06–2024 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय | | |
| 2 | सीमेन्ट, बालू, गिट्टी, छड़ | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूसा अन्य | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा–गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन | | |
| 12 | खंड़जा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, फागिंग मशीन, लाल ईंट आदि। | | |

**प्रतिबंध एवं शर्ते**– सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। समाग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रू0–50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**(राजेश कुमार मिश्र)** ग्राम प्रधान **(प्रशान्त पाण्डेय)** ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0

पत्रांक मेमो /13.06.2024 वित्तीय वर्ष 2024–25

**कार्यालय ग्राम पंचायत करायन वि0ख0 रामनगर जनपद- बस्ती**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/अंत्येष्टि स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 14–06 2024 से 21–06–2024 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपरान्ह 12.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 22–06–2024 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय | | |
| 2 | सीमेन्ट, बालू, गिट्टी, छड़ | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूसा अन्य | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा–गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन | | |
| 12 | खंड़जा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, फागिंग मशीन, लाल ईंट आदि। | | |

**प्रतिबंध एवं शर्ते**– सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। समाग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रू0–50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**(सरोज देवी)** ग्राम प्रधान **(अनिल कुमार)** ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0

पत्रांक मेमो /13.06.2024 वित्तीय वर्ष 2024–25

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिसवारी खुर्द वि0ख0 रूधौली जनपद- बस्ती**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/अंत्येष्टि स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 14–06 2024 से 20–06–2024 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपरान्ह 12.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 21–06–2024 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय | | |
| 2 | सीमेन्ट, बालू, गिट्टी, छड़ | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूसा अन्य | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा–गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन | | |
| 12 | खंड़जा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, फागिंग मशीन, लाल ईंट आदि। | | |

**प्रतिबंध एवं शर्ते**– सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। समाग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रू0–50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**(आशंमा खातून)** ग्राम प्रधान **(जयकेश कुमार राव)** ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0

पत्रांक मेमो /13.06.2024 वित्तीय वर्ष 2024–25

**कार्यालय ग्राम पंचायत नकथर वि0ख0 रामनगर जनपद- बस्ती**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/अंत्येष्टि स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 14–06 2024 से 21–06–2024 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपरान्ह 12.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 22–06–2024 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय | | |
| 2 | सीमेन्ट, बालू, गिट्टी, छड़ | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूसा अन्य | | |
